G20
# कार्यालय जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान , ऊधम सिंह नगर
दूरभाष : 05944-246949 फैक्स : 05944-246949
ई- मेल आई डी : diet_usnagar@yahoo.in, dietusnagar@gmail.com

## प्रशिक्षण आख्या

**कार्यक्रम का नाम** – जूनियर स्तर (कक्षा 6 से 8) विज्ञान प्रयोगशाला मैनुअल आधरित प्रशिक्षण ।

**विभाग का नाम** – सेवापूर्व शिक्षक शिक्षा विभाग ।

**कार्यक्रम समन्वयक का नाम** – श्री बृजेश कुमार उप्रेती ।

**प्रतिभागियों का विवरण** – जनपद के समस्त विकासखंडों से जूनियर कक्षा में विज्ञान विषय का अध्यापन करने वाले शिक्षक/शिक्षिकाएं ।

**प्रतिभागियों की संख्या** – 35 ( प्रत्येक विकासखंड से 05 शिक्षक )

महिला – 07 पुरूष – 28 योग – 35

**आयोजन की अवधि** – दिनांक 26 से 28 सितम्बर 2024 तक (03 दिवसीय) ।

**संदर्भदाता/सुगमकर्ता का विवरण** –

| क्र0 सं0 | संदर्भदाता / सुगमकर्ता का नाम | पदनाम | संस्थान/विद्यालय का नाम |
|---|---|---|---|
| 1 | श्री शिव पाण्डेय | बाह्य संदर्भदाता | अजीम प्रेमजी फाउंडेशन, दिनेशपुर (ऊ0सि0नगर) |
| 2 | सुश्री मनीषा सिंह | बाह्य संदर्भदाता | अजीम प्रेमजी फाउंडेशन, दिनेशपुर (ऊ0सि0नगर) |

**कार्यक्रम की उपलब्धि/संक्षिप्त आख्या** – वार्षिक कार्य योजना (2024–25) में प्रस्तावित सेवापूर्व शिक्षक शिक्षा विभाग द्वारा दिनांक 26 से 28 सितम्बर 2024 तक जूनियर स्तर विज्ञान प्रयोगशाला मैनुअल आधरित प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। वर्ष 2022–23 में राजकीय इण्टर कालेज के विषय विशेषज्ञ प्रवक्ताओं की सहायता से प्रयोगशाला लैब मैनुअल का निर्माण किया गया था।

प्रशिक्षण में मुख्य संदर्भदाता श्री शिव पाण्डेय एवं सुश्री मनीषा सिंह (अजीम प्रेमजी फाउंडेशन) के सहयोग द्वारा निष्प्रयोज्य वस्तुओं की सहायता से विज्ञान के सिद्धान्तों को प्रयोगों के माध्यम से सरलीकरण करते हुए समझाया गया । प्रशिक्षण द्वारा जूनियर कक्षाओं में एन0सी0ई0आर0टी0 की पाठ्यपुस्तकों की प्रयोगात्मक गतिविधियों के माध्यम से विज्ञान विषय की समझ विकसित की गई।